# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–23.02.2025 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस–ए आई के क्षेत्र में भारत तेजी से अपनी मजबूत पहचान बना रहा है। आकाशवाणी पर अपने मन की बात कार्यक्रम के जरिए राष्ट्र को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि भारत के लोग नई प्रौद्योगिकी अपनाने में किसी से पीछे नहीं हैं। भारत के लोग आज ए आई का इस्तेमाल किस–किस तरह से कर रहे हैं इसके उदाहरण देते हुए प्रधानमंत्री ने तेलंगाना में आदिलाबाद के सरकारी स्कूल के एक शिक्षक थोडासम कैलाश की चर्चा की।
प्रधानमंत्री से मिली सराहना पर थोडसम कैलाश ने अपनी खुशी जाहिर की।

*******************

इधर राजधानी रांची के हरमू मंडल में मन की बात कार्यक्रम को केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और अन्य पदाधिकारियों ने सुना। कार्यक्रम के बाद केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस बार के कार्यक्रम में बच्चों के बढ़ते वजन और स्वास्थ्य चुनौतियों पर विशेष चर्चा की गई।

*******************

झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 24 फरवरी से 27 मार्च तक चलेगा। सुरक्षा को देखते हुए सदर एसडीओ ने विधानसभा परिसर के 750 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लागू करने का आदेश जारी किया है। इस दौरान जुलूस, रैली, प्रदर्शन और घेराव पर प्रतिबंध रहेगा। साथ ही हथियार ले जाने और ध्वनि विस्तारक यंत्र के उपयोग पर भी रोक रहेगी।

*******************

पलामू जिले के किसान जितेंद्र कुमार ने यूट्यूब से सीखकर 1 एकड़ में स्ट्रॉबेरी की खेती शुरू की है। उन्होंने बताया कि रत्नेश कुमार की मदद से उन्होंने उन्नत तकनीकों को अपनाया। अब उन्हें इस खेती से अच्छा मुनाफा हो रहा है और फलों की बाजार में अच्छी मांग है। ब्लॉक से सब्सिडी मिलने और सही समय पर प्लांटेशन करने से अन्य किसानों को भी इससे प्रेरणा मिल रही है।

*******************

सिमडेगा जिले में ग्रीष्म ऋतु के दौरान पेयजल की समस्या के निराकरण का प्रयास किया जा रहा है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

*******************

एनएच–33 रांची–टाटा मार्ग पर तैमारा घाटी में आज सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। सेब से लदी ट्रक के पलटने के बाद, मदद कर रहे युवक को तेज रफ्तार बस ने टक्कर मार दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

*******************

इधर सरायकेला खरसावां के राजनगर–सरायकेला मार्ग पर नौरोडीह में कल अज्ञात वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

*******************

मौसम केंद्र ने आज झारखंड के 14 जिलों में येलो अलर्ट जारी कर ओलावृष्टि और वज्रपात की संभावना जताई है। जिनमें साहिबगंज, गोड्डा, पाकुड़, दुमका, जामताड़ा, देवघर, धनबाद, बोकारो, रामगढ़, रांची, खूंटी, सरायकेला खरसावां, पूर्वी सिंहभूम और पश्चिमी सिंहभूम के जिले शामिल हैं।

*******************

आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी में आज ग्रुप–ए में भारत का सामना पाकिस्तान से है। दुबई में यह मैच जारी है जहां पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया।

**********